पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने सेवानिवृत्त प्रधान चालक को विदाई दी</u>

लखनऊः 30 अप्रैल, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने राजभवन गैराज के प्रधान चालक श्री मोहम्मद जावेद को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित कर विदाई दी। राज्यपाल ने उन्हें लम्बी सेवाओं के लिये शुभेच्छा देते हुए कहा कि भविष्य में भी राजभवन से संबंध बनाये रखें, राजभवन के दरवाजे आपके लिये खुले हैं।

मोहम्मद जावेद 1980 में तत्कालीन राज्यपाल स्व0 श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद नारायण सिंह के कार्यकाल में राजकीय सेवा में आये थे और 37 साल की सेवाएं देने के बाद आज सेवानिवृत्त हो गये। श्री जावेद ने अब तक 13 राज्यपालों के साथ काम किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (176/48)